भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न सं. *99
(जिसका उत्तर मंगलवार, 29 जुलाई, 2025/7 श्रावण, 1947(शक) को दिया गया)

शिक्षा उपकर

***99** श्री नीरज डांगीः

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या यह सच है कि आयकरदाताओं पर आयकर के अतिरिक्त शिक्षा उपकर भी लगाया जाता है, यदि हाँ, तो विगत तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार उपकर की कितनी राशि एकत्रित की गई है; और
(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान व्यय की गई शिक्षा उपकर राशि की मात्रा का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्री
(श्रीमती निर्मला सीतारमण)

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

"शिक्षा उपकर के " बारे में दिनांक 29 जुलाई, 2025 को उत्तरार्थ श्री नीरज डांगी द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं .99 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) : जी हां। पिछले तीन वर्षों के दौरान आयकरदाताओं से आयकर के अतिरिक्त एकत्रित स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर की राशि निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**वित्तीय वर्ष**	**संग्रहित स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर (करोड़ रुपये में)**
1	2022-23	60,616.25
2	2023-24	69,890.52
3	2024-25*	83071.01
	कुल	**2,13,577.78**

स्रोतः प्रधान सीसीए (सीबीडीटी)

अनंतिम*

(ख) : पिछले तीन वर्षों के दौरान व्यय की गई स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर राशि निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**वित्तीय वर्ष**	**स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर व्यय (करोड़ रुपये में)**
1	2022-23	70,589.27
2	2023-24	80,009.96
3	2024-25 (सं.अ.)	87,198.73
	कुल	**2,37,797.96**

स्रोतः आर्थिक कार्य का विभाग

*****